Document
Press Note

24.10.2020

# राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान

(द्वितीय तल, विकास खण्ड, सचिवालय, जयपुर)
(Email- secraj@rajasthan.gov.in एवं Ph. 0141-2227280, 2227072, 2227407)

## प्रैस नोट

### पंचायतीराज संस्थाओं के जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के आम चुनाव, 2020

### कार्यक्रम की घोषणा

अनुच्छेद 243K (Article 243K) एवं पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 17(2) में पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचन के लिए निर्वाचक नामावली की तैयारी का एवं निर्वाचन के संचालन का अधीक्षण, निदेशन एवं नियंत्रण राज्य निर्वाचन आयोग में निहित किया गया है।

इन संस्थाओं के कार्यकाल की समाप्ति से पूर्व चुनाव कराना सुनिश्चित करने के लिए उपलब्ध समय को ध्यान में रखते हुए आयोग द्वारा राज्य सरकार की परिसीमन हेतु दिनांक 15/16.11.2019 को जारी की गई अधिसुचनाओं के अनुसार निर्वाचक नामावली तैयार करने का कार्यक्रम दिनांक 04.11.2019 को जारी किया गया जिसके अनुसार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन दिनांक **03.01.2020** को होना नियत किया गया, किन्तु राज्य सरकार की 15/16.11.2019 को जारी की गई अधिसूचनाओं के पश्चात् की अधिसूचनाओं से प्रभावित पंचायतीराज संस्थाओं की निर्वाचक नामावलियां तत्समय तैयार नहीं हो पाई। राज्य सरकार द्वारा फिर से किए गए परिसीमन हेतु जारी की गई अधिसूचनाओं से प्रभावित संस्थाओं की मतदाता सूची तैयार करने हेतु दिनांक 08.12.2019 को कार्यक्रम जारी किया गया। इस कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन दिनांक 06.01.2020 को किया जाना नियत किया गया।

राज्य सरकार के परिसीमन की उक्त अधिसूचनाओं के विरूद्व प्रस्तुत याचिका में माननीय उच्च न्यायालय, जोधपुर द्वारा राज्य सरकार की अधिसूचनाएं दिनांक 15/16.11.2019 एवं उसकी शुद्धि हेतु जारी अधिसूचना दिनांक 23.11.2019 को छोडकर अन्य सभी अधिसूचनाओं को अपास्त कर दिया गया। उक्त निर्णय दिनांक 13.12.2019 के कारण आयोग का निर्वाचक नामावली का कार्यक्रम दिनांक 08.12.2019 प्रत्याहरित किया गया और पुनः परिवर्तित कार्यक्रम दिनांक 17.12.2019 जारी किया गया। इस कार्यक्रम के अनुसार शेष रही पंचायतीराज संस्थाओं की निर्वाचक नामावली का अन्तिम प्रकाशन दिनांक **22.01.2020** को होना नियत किया गया।

माननीय उच्च न्यायालय, जोधपुर के आदेश दिनांक 13.12.2019 के विरूद्व राज्य सरकार द्वारा माननीय उच्चतम न्यायालय में प्रस्तुत विशेष अनुमति याचिका में आदेश दिनांक 24.01.2020 एवं 04.02.2020 से माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय दिनांक 13.12.2019 को निरस्त कर दिया जाने के कारण आयोग द्वारा आदेश दिनांक 04.11.2019 एवं दिनांक 17.12.2019 के द्वारा तैयार की गई मतदाता सूची प्रभावित होने से, ऐसी प्रभावित होने वाली पंचायतीराज संस्थाओं के लिए पुनः मतदाता सूची का कार्यक्रम दिनांक 13.02.2020 को जारी किया गया, जिसके अनुसार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन दिनांक 23.03.2020 को होना नियत किया गया किन्तु राज्य में कोविड–19 संक्रमण से उत्पन्न परिस्थिति एवं लॉकडाउन के कारण दिनांक 23.03.2020 होने वाले **अन्तिम प्रकाशन की अवधि बढाकर दिनांक 10.06.2020 को** किया जाना नियत किया गया।

**इस प्रकार दिनांक 03.01.2020, 22.01.2020 एवं दिनांक 10.06.2020 को मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के साथ ही राज्य की समस्त पंचायतीराज संस्थाओं की निर्वाचक नामावलियां तैयार कर ली गई।**

पंचायतीराज संस्थाओं के शेष रहे जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के आम चुनाव कराने के संबंध में गृह विभाग एवं पुलिस महानिदेशक के साथ पुलिस बल की उपलब्धता के संबंध में चर्चा में विभाग द्वारा यह सुझाव दिया गया कि यदि चुनाव अधिक चरणों में कराए जाते हैं तो आवश्यक पुलिस बल उपलब्ध कराया जाना सुगम हो सकेगा एवं चुनाव शांतिपूर्ण, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से संपादित हो सकेगें।



उप सचिव
राज्य निर्वाचन आयोग
जयपुर

राज्य सरकार द्वारा माह जून एवं अगस्त, 2020 में अधिसूचनाएं जारी कर 18 नगरपालिकाओं का नवसृजन किया गया। उक्त 18 नगरपालिकाएं 12 जिलों (जयपुर, अलवर, दौसा, जोधपुर, सिरोही, भरतपुर, धौलपुर, करौली, कोटा, बारां, श्रीगंगानगर एवं सवाईमाधोपुर) में सृजित की गई। इन नगरपालिकाओं के सृजन से कुल 48 ग्राम पंचायत पूर्ण अथवा आंशिक रूप से प्रभावित हुई। पंचायतीराज विभाग के अनुसार जयपुर जिले की पंचायत समिति पावटा, भरतपुर जिले की पंचायत समिति उच्चैन एवं अलवर जिले की पंचायत समिति कठूमर की कुछ ग्राम/ग्राम पंचायतों को छोडकर उक्त 18 नगरपालिकाओं में सम्मिलित ग्राम पंचायतों के क्षेत्रों को पंचायतीराज संस्थाओं की सूची से पृथक भी कर दिया गया। पंचायतीराज विभाग के अनुसार उक्त 48 ग्राम पंचायतों के पूर्ण अथवा आंशिक क्षेत्र नगरपालिका में सम्मिलित होने से शेष रहे ग्रामों/क्षेत्रों के पुनर्गठन की प्रकिया के पश्चात् **संबंधित जिला परिषद एवं पंचायत समिति निर्वाचन क्षेत्र एवं कतिपय स्थानों पर इनके आरक्षण में भी परिवर्तन होना संभावित है।**

माननीय उच्च न्यायालय में विचाराधीन DB Civil Writ Petition No. 10890/2020 Prasant vs State of Rajasthan and others एवं 4 अन्य समान प्रकृति की याचिकाओं में माननीय न्यायालय द्वारा नवीन नगरपालिकाओं के गठन हेतु स्वायत्त शासन विभाग द्वारा जारी अधिूसूचनाओं पर अंतरिम स्थगन प्रदान कर दिया जाने से नवगठित नगरपालिकाओं से प्रभावित पंचायतीराज संस्थाओं की वर्तमान स्थिति स्पष्ट नहीं है। इसलिए नवसृजित 18 नगरपालिकाओं से प्रभावित उक्तानुसार 12 जिलों में जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के आम चुनाव कराना संभव नहीं है।

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा शेष 21 जिलों में जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के आम चुनाव चार चरणों में कराने हेतु कार्यक्रम घोषित कर दिया है। उक्त 21 जिलों का विवरण निम्नानुसार है:–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अजमेर | 8 | चूरू | 15 | नागौर |
| 2 | बांसवाडा | 9 | डूंगरपुर | 16 | पाली |
| 3 | बाडमेर | 10 | हनुमानगढ | 17 | प्रतापगढ |
| 4 | भीलवाडा | 11 | जैसलमेर | 18 | राजसमंद |
| 5 | बीकानेर | 12 | जालौर | 19 | सीकर |
| 6 | बूंदी | 13 | झालावाड | 20 | टोंक |
| 7 | चित्तौडगढ | 14 | झुंझुंनू | 21 | उदयपुर |

**आम चुनाव से संबंधित विस्तृत विवरण निम्नानुसार हैं:–**

- **चुनाव कार्यक्रम**

चरणवार चुनाव कार्यक्रम परिशिष्ट "A" एवं चरणवार पंचायत समितियां एवं इनमें सम्मिलित ग्राम पंचायतों की संख्या का विवरण परिशिष्ट "B" पर संलग्न है। आयोग द्वारा जारी उक्त चुनाव कार्यक्रम आयोग की वेवसाइट http://sec.rajasthan.gov.in/ पर भी उपलब्ध है।

- **मतदाता सूची**

जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के आम चुनाव हेतु तैयार की गई मतदाता सूची का **अंतिम प्रकाशन दिनांक 03.01.2020, 22.01.2020 एवं दिनांक 10.06.2020 को कर दिया गया है।** अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायत मुख्यालय में निःशुल्क निरीक्षण के लिए उपलब्ध है। यह मतदाता सूची अर्हता तिथि दिनांक 01.01.2020 के संदर्भ में तैयार की हुई है।

**पंचायतीराज संस्थाओं के निर्वाचनों के लिए तैयार की गई अंतिम रूप से प्रकाशित निर्वाचक नामावली में चुनाव प्रक्रिया में सम्मिलित 21 जिलों में कुल 2 करोड 41 लाख 87 हजार 9 सौ 46 मतदाता पंजीकृत हैं।** अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची के अनुसार इन मतदाताओं का वर्गीकरण इस प्रकार है:–

| पुरूष | महिला | थर्ड जेण्डर | कुल |
|---|---|---|---|
| 12497136 | 11690724 | 86 | 24187946 |

मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य के दौरान जो मतदाता अपना नाम किन्ही कारणों से नामावली में नहीं जुडवा सके या तत्समय मतदाता सूचियों में रही त्रुटियों को दुरूस्त करने के लिए निर्वाचक नामावलियों के अंतिम प्रकाशन के पश्चात् उन्हें **निरन्तर अद्यतन किए जाने का कार्य जारी है,** जिसके अन्तर्गत मतदाता सूची में चुनाव की अधिसूचना जारी होने से 10 दिवस पूर्व तक प्राप्त आवेदनों को निस्तारित कर अधिसूचना जारी होने से पूर्व तक नाम जोडे जा सकेंगे। उक्त प्रकिया में मतदाताओं की संख्या में कुछ परिवर्तन संभावित है।

- **वार्डो एवं मतदान केन्द्रों का विवरण**

राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2019 में पंचायतीराज संस्थाओं में किए गए परिसीमन/पुनर्गठन के कार्य के पश्चात् नवीन परिसीमन के अनुसार राज्य की 33 जिला परिषदों में कुल 1014 सदस्य एवं 352 पंचायत समितियों में कुल 7027 सदस्य हैं, जिनमें से पूर्व पृष्ठ पर अंकितानुसार 21 जिलों के 636 जिला परिषद सदस्य, 4371 पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव संपन्न होंगे।

कोविड–19 संक्रमण से बचाव के लिए आयोग द्वारा अब प्रत्येक मतदान बूथ पर मतदाताओं की संख्या 900 कर दी गई है। पूर्व में एक मतदान बूथ पर सामान्यतः 1100 मतदाताओं की सीमा निर्धारित थी। प्रत्येक बूथ पर 900 मतदाताओं की संख्या के अनुसार 21 जिलों में 33611 मतदान बूथ स्थापित किए जायेगें।

- **ई.वी.एम. से मतदान**

जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के आम चुनावों में इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन (EVM) का उपयोग किया जाएगा। आयोग द्वारा जिला स्तर पर ईवीएम की उपलब्धता एवं आवश्यकतानुसार अन्य जिले के स्थानान्तरण की ऑन लाईन ट्रेकिंग की जाएगी। इसके अतिरिक्त उक्त सॉफ्टवेयर के माध्यम से मतदान हेतु ईवीएम के आवंटन के लिए रेण्डमाईजेशन (Randomization) भी किया जाएगा।

- **मतदान का समय**

कोविड–19 से उत्पन्न परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए मतदान के समय में वृद्वि करते हुए **मतदान का समय प्रातः 7.30 बजे से सांय 5.00 बजे तक नियत किया गया** है, जिससे मतदाता सोशल डिस्टेंसिंग की पालना करते हुए मतदान कार्य कर सके।

- **चुनाव कार्य हेतु कार्मिकों का नियोजन एवं प्रशिक्षण**

जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के निर्वाचन संपादित कराने हेतु मतदान, मतगणना एवं अन्य कार्य के लिए समस्त चरणों के लिए लगभग 1,80,000 कार्मिकों की आवश्यकता होगी। मतदान एवं मतगणना दलों के गठन हेतु कार्मिकों का रेण्डमाईजेशन (Randomization) सॉफ्टवेयर के माध्यम से कर मतदान एवं मतगणना हेतु दलों का गठन किया जाएगा।

- **मतदाताओं की पहचान**

राजस्थान राज्य के लगभग सभी मतदाताओं को मतदाता फोटो पहचान पत्र (EPIC) जारी हो चुके हैं। मतदान के दौरान मतदाताओं को अपनी पहचान स्थापित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी उक्त फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। फिर भी यदि कोई मतदाता किसी भी कारण से फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करने में असमर्थ रहता है तो मतदान के लिए उसे राज्य निर्वाचन आयोग के **पत्रांक 559 दिनांक 07.02.2019** के द्वारा अनुमोदित किए गए **12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों** में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

उक्त 12 वैकल्पिक फोटो दस्तावेज में से केवल वे ही दस्तावेज मान्य होंगे जो इन निर्वाचन की घोषणा से पूर्व के हैं। अतः सभी मतदाताओं से अपील है कि मतदान के समय उक्त दस्तावेजों में से किसी एक दस्तावेज को साथ लायें, जिससे मतदान कार्य सुगमता से शान्तिपूर्ण एवं निष्पक्षरूप से सम्पन्न हो सके।



सचिव
राज्य निर्वाचन आयोग
जयपुर

- **मतदाता सहायता :**

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली में मतदाता से संबंधित प्रविष्टि यथा मतदाता का नाम, वार्ड नम्बर, मतदाता क्रमांक एवं मतदान बूथ आदि की जानकारी उपलब्ध कराने के लिए SMS Gateway Service उपलब्ध कराई गई है। इसके लिए मतदाता द्वारा मोबाईल नम्बर 7065051222 पर **SEC VOTER** अंकित कर स्पेस के पश्चात् **Epic No** अंकित कर SMS भेजने पर SMS के माध्यम से उसकी प्रविष्टि का विवरण प्राप्त हो जायेगा।

- **चुनाव प्रक्रिया के पर्यवेक्षण हेतु पर्यवेक्षकों की नियुक्ति**

**जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के** निर्वाचन के लिए मतदान, मतगणना अन्य चुनाव संबंधी कार्यो के पर्यवेक्षण हेतु प्रत्येक जिले के लिए आवश्यकतानुसार एक या अधिक पर्यवेक्षकों को नियोजित किया जाएगा। ये पर्यवेक्षक भारतीय प्रशासनिक सेवा/भारतीय वन सेवा के वरिष्ठ एवं चयनित तथा राजस्थान प्रशासनिक सेवा के सुपर टाईम स्केल या इससे उच्चतर वेतन श्रृखंला के अधिकारी होंगे। चुनाव स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न हो सके इस हेतु पर्यवेक्षकों द्वारा चुनाव के प्रत्येक स्तर के साथ मुख्य रूप से मतदान एवं मतगणना कार्य के पर्यवेक्षण के साथ–साथ कोविड–19 संक्रमण से बचने के लिए केन्द्र/राज्य सरकार तथा आयोग द्वारा जारी की गई गाईडलाईन की पालना भी सुनिश्चित की जाएगी।

- **चुनाव नियन्त्रण कक्ष (Control Room) की स्थापना**

आयोग मुख्यालय एवं जिला स्तर पर चुनाव कार्य से संबंधित सूचनाओं के आदान–प्रदान एवं आमजन द्वारा भी चुनाव संबंधी किसी भी गतिविधि के बारे में जानकारी प्रदान करने एवं प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करने के लिए चुनाव नियन्त्रण कक्ष स्थापित किए जातें हैं। आयोग कार्यालय में नियत्रंण कक्ष की स्थापना कर दी गई है। आयोग कार्यालय में स्थापित यह नियन्त्रण कक्ष 24 X 7 (रात–दिन) लगातार कार्यशील रहेगा। नियत्रंण कक्ष में स्थापित दूरभषों का विवरण निम्नानुसार हैं:–

| | |
|---|---|
| 1. | 0141–2227786 |
| 2. | 0141–2385067 |
| 3. | 0141–2385059 |

- **अभ्यर्थियों के लिए चुनाव खर्च सीमा**

चुनाव लडने वाले अभ्यर्थियों द्वारा चुनाव के दौरान वाहनों एवं लाउडस्पीकरों के उपयोग, कट आउटों, होर्डिंग्स, पोस्टर एवं बैनरों के प्रदर्शन व इनसे संबंधित अन्य गतिविधियों को नियन्त्रण करने के लिए आयोग के आदेश दिनांक 02 दिसम्बर, 2019 द्वारा प्रतिबंध अधिरोपित किए गए हैं। इस आदेश के अनुसार **जिला परिषद सदस्य के चुनाव लड रहे अभ्यर्थियों के लिए 1,50,000/– एवं पंचायत समिति सदस्य के लिए 75,000/– रूपये की खर्च सीमा निर्धारित की हुई है।**

लाउडस्पीकर के उपयोग के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्राधिकृत अधिकारी की लिखित अनुमति प्राप्त करनी आवश्यक होगा। इसके अतिरिक्त अभ्यर्थियों के द्वारा निर्वाचन में प्रचार के लिए वाहनों की अधिकतम सीमा निर्धारित की गई है। इस हेतु संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्राधिकृत अधिकारी से वाहन के सम्पूर्ण विवरण के साथ लिखित अनुमति प्राप्त करनी आवश्यक होगी।

अभ्यर्थियों/राजनैतिक दलों द्वारा चुनाव प्रचार के लिए किए जाने वाले खर्च की निगरानी हेतु संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा रिटर्निंग अधिकारी के स्तर पर एक प्रकोष्ठ का गठन किया जाएगा, जो अभ्यर्थियों/राजनैतिक दलों द्वारा चुनाव प्रचार के लिए किए जाने वाले खर्च की सतत् निगरानी रखेगा।

- **दिव्यांगजन (Person with Disabilities) एवं वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं के लिए विशेष सुविधा**

आयोग द्वारा दिव्यांगजन के लिए मतदान केन्द्र पर विशेष सुविधा प्रदान करने के लिए अपने आदेश दिनांक 24.12.2019 द्वारा समस्त जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश प्रदान किए गए हैं। इन निर्देशों में ऐसे मतदाताओं की मैंपिग करने, प्रत्येक जिले में नोडल अधिकारी नियुक्त करने दिव्यांगजनों को मतदान के लिए मतदान बूथ तक लाने एवं छोडने के निदेशों सहित मतदान केन्द्र पर सुविधाएं प्रदान करने के निर्देश शामिल हैं। मतदान में वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजन के लिए पृथक लाईन रखने के भी निर्देश जिला निर्वाचन अधिकारियों को प्रदान किए गए है।

- **कोविड–19 संक्रमण से बचाव हेतु गाईडलाईन**

आयोग द्वारा चुनाव के दौरान विभिन्न गतिविधियों यथा ईवीएम की FLC, मतदान दलों के प्रशिक्षण, नाम निर्देशन पत्रों का प्रस्तुतिकरण, सवीक्षा एवं नाम वापसी, चुनाव प्रचार, मतदान तथा मतगणना संबंधी चुनाव कार्य में सम्मिलित होने वाले कार्मिकों, चुनाव लडने वाले अभ्यर्थियों एवं राजनैतिक दलों एवं मतदाताओं को कोविड–19 संक्रमण से बचाव हेतु पंच एवं सरपंच के चुनाव के लिए गाईडलाईन जारी की गई है, जो इन चुनावों में भी यथाशक्य परिवर्तनों के साथ लागू रहेंगी। निर्वाचन गतिविधियों में सम्मिलित होने वाले सभी व्यक्तियों से आयोग की अपेक्षा है कि वे केन्द्र/राज्य सरकार तथा आयोग द्वारा जारी की गई गाईडलाईनों की भी पूर्ण रूप से पालना करे।

- **आदर्श आचरण संहिता**

**चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता के प्रावधान तुरन्त प्रभाव से लागू हो गए हैं, जो चुनाव प्रक्रिया समाप्ति तक लागू रहेगें।** आयोग द्वारा राज्य सरकार को आदर्श आचरण संहिता की प्रभावी पालना हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

संबंधित पंचायती राज संस्थाओं में विभिन्न विभागों के विकास कार्य जिसके कार्यादेश आचार संहिता के प्रभाव में आने से पूर्व ही जारी किए जा चुके हैं या जो विकास कार्य पूर्व से ही चल रहे हैं, वे सभी आचार संहिता से प्रभावित नहीं होंगे। नई स्कीम, नए विकास कार्य एवं नए कार्यादेश आचार संहिता के लागू होने के बाद पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगें।

**चुनाव के लिए बडी मात्रा में कार्मिकों/अधिकारियों की आवश्यकता होगी, अतः इन जिलों में समस्त विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों (आवश्यक सेवाओं को छोडकर) के स्थानान्तरण एवं पदस्थापन पर पूर्ण प्रतिबंध होगा। यदि अपरिहार्य कारणों से स्थानान्तरण आवश्यक हो तो आवश्यकता एवं औचित्य के विवरण सहित प्रस्ताव प्राप्त होने पर तथा आयोग का इस संबंध में समाधान होने पर अनुमत किया जा सकेगा।**

समस्त अभ्यर्थी, सभी मतदाताओं, आमजन एवं मीडिया से आयोग अपील करता है कि शांतिपूर्ण, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान संपन्न कराने एवं कोरोना महामारी के सम्बन्ध में केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देशों की पालना करते हुए स्वयं को सुरक्षित रखने एवं आमजन को सुरक्षा प्रदान करते हुए निर्वाचन सम्पन्न कराने में अपना सहयोग प्रदान करावें।

(अशोक कुमार जैन) 24.10.2020
उप सचिव
दिनांकः 24.10.2020

क्रमांकः एफ.7(1)(1)/पंचा/रानिआ/2020/ 8840

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार।
2. प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री, राजस्थान सरकार।
3. आयुक्त, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, जयपुर।
4. अति. मुख्य सचिव, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग, जयपुर।
5. शासन सचिव एवं आयुक्त, पंचायतीराज विभाग, जयपुर।

(अशोक कुमार जैन) 24.10.2020
उप सचिव

परिशिष्ट – A

# राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान

## पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव, 2020 – चुनाव कार्यक्रम
## (जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य पद हेतु)

| क्र.स. | कार्य का विवरण (चारों चरणों के लिए) | तिथियां |
|---|---|---|
| 1 | जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नियम 58 के अन्तर्गत निर्वाचन की अधिसूचना जारी करने की तिथि | 04.11.2020 (बुधवार) |
| 2 | नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय | 09.11.2020 (सोमवार)<br>प्रातः 11.00 बजे से अपरान्ह 3.00 बजे तक<br>(नोट – दिनांक 08.11.2020 (रविवार) को नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत नहीं किए जायेंगे) |
| 3 | नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की तिथि एवं समय | 10.11.2020 (मंगलवार)<br>प्रातः 11.00 बजे से |
| 4 | नाम वापसी की तिथि एवं समय | 11.11.2020 (बुधवार)<br>अपरान्ह 3.00 बजे तक |
| 5 | चुनाव प्रतीकों का आवंटन एवं चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन | 11.11.2020 (बुधवार)<br>नाम वापसी का समय समाप्त होने के तुरन्त पश्चात् |
| 6 | मतदान दलों का प्रस्थान/पहुँच | |
| | प्रथम चरण के लिए | 22.11.2020 (रविवार) |
| | द्वितीय चरण के लिए | 26.11.2020 (गुरूवार) |
| | तृतीय चरण के लिए | 30.11.2020 (सोमवार) |
| | चतुर्थ चरण के लिए | 04.12.2020 (शुक्रवार) |
| 7 | **मतदान की तिथि** | |
| | **प्रथम चरण के लिए** | **23.11.2020 (सोमवार)** |
| | **द्वितीय चरण के लिए** | **27.11.2020 (शुक्रवार)** |
| | **तृतीय चरण के लिए** | **01.12.2020 (मंगलवार)** |
| | **चतुर्थ चरण के लिए** | **05.12.2020 (शनिवार)** |
| 8. | **मतदान का समय** | **प्रातः 7.30 बजे से सांय 5.00 बजे तक** |

| क्र.स. | कार्य का विवरण | | तिथियां |
|---|---|---|---|
| 9 | मतगणना<br>(जिला मुख्यालय पर ) | | 08.12.2020 (मंगलवार)<br>प्रातः 9.00 बजे से |
| 10 | प्रमुख / प्रधान का चुनाव | | 10.12.2020 (गुरूवार) |
| 11 | उप प्रमुख / उप प्रधान का चुनाव | | 11.12.2020 (शुक्रवार) |
| 12. | प्रमुख / उपप्रमुख / प्रधान / उपप्रधान के चुनाव की बैठक की समय सारणी | | |
| | 1 | बैठक का प्रारम्भ | पूर्वाह्न 10.00 बजे |
| | 2 | नाम निर्देशन पत्रों का प्रस्तुतीकरण | पूर्वाह्न 11.00 बजे तक |
| | 3 | नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा | पूर्वाह्न 11.30 बजे से |
| | 4 | अभ्यर्थिता वापसी | अपराह्न 1.00 बजे तक |
| | 5 | चुनाव प्रतीको का आवंटन एवं चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करना | अपराह्न 1.00 बजे के तुरन्त बाद |
| | 6 | मतदान यदि आवश्यक हुआ तो, उसका समय | अपराह्न 3.00 बजे से सायं 5.00 बजे के मध्य |
| | 7 | मतगणना एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा | सायं 5.00 बजे से या मतदान समाप्ति के तुरंत बाद, जो भी पहले हो |

उप सचिव
राज्य निर्वाचन आयोग
राजस्थान, जयपुर

परिशिष्ट – B

# STATE ELECTION COMMISSION, RAJASTHAN

## SPELL-WISE ZP & PS MEMBER ELECTION PROGRAMME, 2020

| S. No. | District | No. of Const. in Z.P. | Ist Spell Panchayat Samiti | Ist Spell No. of Cont. in P.S. | Ist Spell No. of G.P. | Ist Spell No. of polling booths | IInd Spell Panchayat Samiti | IInd Spell No. of Cont. in P.S. | IInd Spell No. of G.P. | IInd Spell No. of polling booths | IIIrd Spell Panchayat Samiti | IIIrd Spell No. of Cont. in P.S. | IIIrd Spell No. of G.P. | IIIrd Spell No. of polling booths | IVth Spell Panchayat Samiti | IVth Spell No. of Cont. in P.S. | IVth Spell No. of G.P. | IVth Spell No. of polling booths |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | AJMER | 32 | BHINAY | 19 | 25 | 142 | PEESANGAN | 19 | 24 | 134 | JAWAJA | 19 | 46 | 206 | ARAI | 17 | 22 | 112 |
| | | | KEKRI | 15 | 22 | 96 | AJMER RURAL | 35 | 41 | 237 | MASUDA | 19 | 40 | 210 | KISHANGARH | 19 | 33 | 184 |
| | | | SARWAD | 15 | 26 | 108 | SRINAGAR | 21 | 25 | 133 | | | | | | | | |
| | | | SAWAR | 15 | 21 | 80 | | | | | | | | | | | | |
| | | | 4 | 64 | 94 | 426 | 3 | 75 | 90 | 504 | 2 | 38 | 86 | 416 | 2 | 36 | 55 | 296 |
| 2 | BANSWARA | 31 | GADHI | 25 | 45 | 164 | BAGIDORA | 19 | 32 | 101 | SAJJANGARH | 17 | 38 | 152 | CHHOTI SARVAN | 15 | 21 | 80 |
| | | | GHATOL | 27 | 68 | 243 | ANADPURI | 25 | 34 | 123 | KUSHALGARH | 17 | 51 | 160 | TALWARA | 17 | 29 | 110 |
| | | | ARTHUNA | 17 | 27 | 111 | GANGARTALAI | 17 | 30 | 89 | | | | | BANSWARA | 23 | 42 | 153 |
| | | | 3 | 69 | 140 | 518 | 3 | 61 | 96 | 313 | 2 | 34 | 89 | 312 | 3 | 55 | 92 | 343 |
| 3 | BARMER | 37 | CHAUHATAN | 27 | 50 | 179 | AADEL | 15 | 20 | 66 | SHIV | 19 | 38 | 127 | GIDA | 19 | 36 | 118 |
| | | | DHANAU | 19 | 30 | 114 | PAYLAKALAN | 15 | 20 | 64 | BARMER | 19 | 38 | 126 | SAMDADI | 17 | 26 | 104 |
| | | | RAMSAR | 17 | 31 | 112 | DHORIMANNA | 21 | 44 | 109 | BARMER RURAL | 21 | 37 | 129 | PATODI | 15 | 31 | 90 |
| | | | GADRAROAD | 17 | 37 | 117 | GUDAMALANI | 17 | 31 | 107 | SINDHARI | 17 | 30 | 98 | KALYANPUR | 15 | 29 | 103 |
| | | | FAGLIYA | 15 | 22 | 87 | SEDWA | 15 | 28 | 96 | BAYTU | 19 | 38 | 128 | BALOTRA | 25 | 38 | 168 |
| | | | | | | | | | | | | | | | SIWANA | 25 | 35 | 166 |
| | | | 5 | 95 | 170 | 609 | 5 | 83 | 143 | 442 | 5 | 95 | 181 | 608 | 6 | 116 | 195 | 749 |
| 4 | BHILWARA | 37 | BIJOLIA | 17 | 22 | 100 | SHAHPURA | 19 | 39 | 189 | KAREDA | 17 | 24 | 119 | RAIPUR | 15 | 22 | 108 |
| | | | MANDALGARH | 23 | 32 | 150 | BADNOR | 15 | 20 | 88 | MANDAL | 19 | 25 | 119 | SUWANA | 19 | 38 | 203 |
| | | | KOTRI | 19 | 33 | 174 | HURDA MANDAL | 19 | 23 | 117 | ASIND | 21 | 28 | 149 | SAHARA | 15 | 28 | 116 |
| | | | JAHAZPUR | 21 | 38 | 202 | BANERA | 15 | 26 | 128 | | | | | | | | |
| | | | 4 | 80 | 125 | 626 | 4 | 68 | 108 | 522 | 3 | 57 | 77 | 387 | 3 | 49 | 88 | 427 |
| 5 | BIKANER | 29 | NOKHA | 17 | 43 | 225 | KOLAYAT | 21 | 43 | 166 | KHAJUWALA | 15 | 31 | 120 | LUNKARANSAR | 21 | 47 | 200 |
| | | | PANCHU | 15 | 33 | 199 | BIKANER | 21 | 52 | 258 | PUGAL | 15 | 37 | 134 | | | | |
| | | | SHRI DUNGARGARH | 21 | 53 | 223 | BAJJU KHALSA | 15 | 28 | 108 | | | | | | | | |
| | | | 3 | 53 | 129 | 647 | 3 | 57 | 123 | 532 | 2 | 30 | 68 | 254 | 1 | 21 | 47 | 200 |
| 6 | BUNDI | 23 | TALERA | 17 | 33 | 148 | NAINWA | 19 | 33 | 130 | K.PATAN | 23 | 46 | 209 | HINDOLI | 23 | 42 | 217 |
| | | | BUNDI | 15 | 30 | 142 | | | | | | | | | | | | |
| | | | 2 | 32 | 63 | 290 | 1 | 19 | 33 | 130 | 1 | 23 | 46 | 209 | 1 | 23 | 42 | 217 |
| 7 | CHITTORGARH | 25 | KAPASAN | 15 | 23 | 100 | BEGUN | 15 | 31 | 118 | BARISADRI | 15 | 26 | 115 | NIMBAHERA | 17 | 37 | 164 |
| | | | RASHMI | 15 | 23 | 101 | BHAINSRORGARH | 15 | 27 | 96 | BHADESAR | 15 | 25 | 120 | CHITTORGARH | 21 | 40 | 188 |
| | | | BHOPALSAGAR | 15 | 19 | 91 | | | | | DOONGLA | 15 | 26 | 109 | GANGRAR | 15 | 22 | 112 |
| | | | 3 | 45 | 65 | 292 | 2 | 30 | 58 | 214 | 3 | 45 | 77 | 344 | 3 | 53 | 99 | 464 |
| 8 | CHURU | 27 | RATANGARH | 19 | 39 | 222 | CHURU | 19 | 40 | 208 | RAJGARH | 33 | 68 | 346 | SARDARSHAHAR | 25 | 63 | 296 |
| | | | SUJANGARH | 25 | 34 | 198 | TARANAGAR | 19 | 33 | 190 | | | | | | | | |
| | | | BEEDASAR | 23 | 27 | 148 | | | | | | | | | | | | |
| | | | 3 | 67 | 100 | 568 | 2 | 38 | 73 | 398 | 1 | 33 | 68 | 346 | 1 | 25 | 63 | 296 |

उप सचिव
राज्य निर्वाचन आयोग
राजस्थान, जयपुर

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | DUNGARPUR | 27 | DUNGARPUR | 21 | 36 | 97 | SIMALWARA | 19 | 37 | 131 | BICHCHHIWARA | 25 | 42 | 98 | SAGWARA | 29 | 53 | 198 |
| | | | SABLA | 17 | 31 | 114 | GALIAKOT | 17 | 30 | 110 | JHONTHARI | 17 | 32 | 115 | | | | |
| | | | ASPUR | 17 | 31 | 113 | CHIKHLI | 17 | 27 | 111 | | | | | | | | |
| | | | DOVRA | 19 | 34 | 88 | | | | | | | | | | | | |
| | | | 4 | 74 | 132 | 412 | 3 | 53 | 94 | 352 | 2 | 42 | 74 | 213 | 1 | 29 | 53 | 198 |
| 10 | HANUMANGARH | 29 | BHADRA | 27 | 49 | 252 | RAWATSAR | 15 | 36 | 161 | SANGARIYA | 15 | 26 | 136 | HANUMANGARH | 23 | 41 | 230 |
| | | | NOHAR | 27 | 47 | 264 | PILIBANGA | 19 | 40 | 214 | TIBBI | 17 | 30 | 177 | | | | |
| | | | 2 | 54 | 96 | 516 | 2 | 34 | 76 | 375 | 2 | 32 | 56 | 313 | 1 | 23 | 41 | 230 |
| 11 | JAISALEMR | 17 | MOHANGARH | 15 | 19 | 50 | SANKDA | 17 | 29 | 105 | FATEHGARH | 15 | 33 | 82 | SAM | 17 | 44 | 96 |
| | | | NACHANA | 15 | 20 | 63 | BHANIYANA | 17 | 36 | 105 | JAISALMER | 15 | 25 | 67 | | | | |
| | | | 2 | 30 | 39 | 113 | 2 | 34 | 65 | 210 | 2 | 30 | 58 | 149 | 1 | 17 | 44 | 96 |
| 12 | JALORE | 31 | SAYLA | 25 | 45 | 272 | BAGODA | 23 | 28 | 148 | RANIWARA | 27 | 32 | 178 | SANCHORE | 25 | 32 | 167 |
| | | | JALORE | 17 | 29 | 167 | BHEENMAL | 21 | 21 | 143 | JASWANTPURA | 19 | 25 | 142 | CHITALWANA | 17 | 37 | 199 |
| | | | AHORE | 23 | 41 | 256 | SARNAU | 15 | 17 | 86 | | | | | | | | |
| | | | 3 | 65 | 115 | 695 | 3 | 59 | 66 | 377 | 2 | 46 | 57 | 320 | 2 | 42 | 69 | 366 |
| 13 | JHALAWAR | 27 | DUG | 25 | 32 | 170 | BAKANI | 17 | 25 | 82 | AKLERA | 23 | 31 | 150 | JHALRAPATAN | 21 | 30 | 111 |
| | | | MANOHARTHANA | 21 | 27 | 142 | BHAWANI MANDI | 21 | 27 | 132 | PIDAWA | 21 | 44 | 213 | KHANPUR | 19 | 38 | 168 |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | 2 | 46 | 59 | 312 | 2 | 38 | 52 | 214 | 2 | 44 | 75 | 363 | 2 | 40 | 68 | 279 |
| 14 | JHUNJHUNU | 35 | JHUNJHUNU | 21 | 24 | 155 | PILANI | 19 | 24 | 138 | SINGHANA | 17 | 25 | 136 | UDAIPURWATI | 27 | 44 | 283 |
| | | | MANDAWA | 15 | 25 | 119 | SURAJGARH | 17 | 24 | 125 | KHETRI | 29 | 44 | 278 | NAWALGARH | 27 | 46 | 266 |
| | | | ALSISAR | 19 | 32 | 144 | BUHANA | 17 | 25 | 142 | | | | | | | | |
| | | | | | | | CHIRAWA | 21 | 24 | 147 | | | | | | | | |
| | | | 3 | 55 | 81 | 418 | 4 | 74 | 97 | 552 | 2 | 46 | 69 | 414 | 2 | 54 | 90 | 549 |
| 15 | NAGAUR | 47 | KHINWASAR | 31 | 35 | 184 | RIYANBARI | 17 | 20 | 119 | MAKRANA | 25 | 40 | 260 | DEEDWANA | 27 | 37 | 208 |
| | | | MUNDWA | 25 | 31 | 190 | DEGANA | 23 | 35 | 173 | PARBATSAR | 21 | 42 | 229 | LADNU | 19 | 34 | 212 |
| | | | NAGAUR | 37 | 40 | 255 | MERTA | 35 | 41 | 238 | KUCHAMANCITY | 27 | 33 | 182 | MOLASAR | 23 | 27 | 159 |
| | | | JAYAL | 33 | 38 | 228 | BHAIRUNDA | 19 | 23 | 140 | NAWAN | 21 | 24 | 137 | | | | |
| | | | 4 | 126 | 144 | 857 | 4 | 94 | 119 | 670 | 4 | 94 | 139 | 808 | 3 | 69 | 98 | 579 |
| 16 | PALI | 33 | RANI | 15 | 29 | 149 | JAITARAN | 23 | 38 | 236 | ROHAT | 15 | 23 | 135 | SUMERPUR | 19 | 30 | 165 |
| | | | BALI | 23 | 47 | 245 | SOJAT | 21 | 38 | 195 | PALI | 15 | 24 | 117 | MARWAR JUNCTION | 25 | 48 | 244 |
| | | | DESURI | 15 | 24 | 129 | RAIPUR | 21 | 40 | 212 | | | | | | | | |
| | | | 3 | 53 | 100 | 523 | 3 | 65 | 116 | 643 | 2 | 30 | 47 | 252 | 2 | 44 | 78 | 409 |
| 17 | PRATAPGARH | 17 | PRATAPGARH | 19 | 35 | 125 | DALOT | 15 | 24 | 79 | PIPALKHUNT | 15 | 23 | 85 | CHOTI SADRI | 15 | 34 | 132 |
| | | | DHRIABAD | 17 | 47 | 212 | ARNOD | 15 | 21 | 73 | SUHAGPURA | 15 | 21 | 69 | DHAMOTAR | 15 | 30 | 96 |
| | | | 2 | 36 | 82 | 337 | 2 | 30 | 45 | 152 | 2 | 30 | 44 | 154 | 2 | 30 | 64 | 228 |
| 18 | RAJSAMAND | 25 | BHIM | 16 | 34 | 165 | KHAMNOR | 19 | 25 | 131 | RAJSAMAND | 17 | 33 | 175 | KUMBHALGARH | 17 | 37 | 152 |
| | | | DEOGARH | 15 | 20 | 101 | RAILMAGRA | 17 | 29 | 134 | AMET | 15 | 20 | 112 | | | | |
| | | | | | | | DELVADA | 15 | 16 | 88 | | | | | | | | |
| | | | 2 | 31 | 54 | 266 | 3 | 51 | 70 | 353 | 2 | 32 | 53 | 287 | 1 | 17 | 37 | 152 |

उप सचिव
राज्य निर्वाचन आयोग
राजस्थान, जयपुर

|  |  |  |  |  |  |  |  |  |  |  |  |  |  |  |  |  |  |  |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 19 | SIKAR | 39 | KHANDELA | 39 | 45 | 285 | FATEHPUR | 27 | 34 | 208 | PIPRALI | 21 | 26 | 155 | SRIMADHOPUR | 23 | 22 | 171 |
|  |  |  | PATAN | 17 | 22 | 110 | DHOD | 41 | 57 | 330 | DANTARAMGARH | 27 | 30 | 215 | LAXMANGARH | 25 | 35 | 213 |
|  |  |  | NEEMKATHANA | 27 | 33 | 194 |  |  |  |  | PALSANA | 25 | 29 | 174 | NECHWA | 15 | 18 | 116 |
|  |  |  |  |  |  |  |  |  |  |  | AJITGARH | 23 | 24 | 156 |  |  |  |  |
|  |  |  | 3 | 83 | 100 | 589 | 2 | 68 | 91 | 538 | 4 | 96 | 109 | 700 | 3 | 63 | 75 | 500 |
| 20 | TONK | 25 | TONK | 19 | 25 | 119 | MALPURA | 23 | 38 | 196 | UNIARA | 17 | 36 | 162 | DEOLI | 21 | 40 | 186 |
|  |  |  | NIWAI | 21 | 41 | 196 | TODARAISINGH | 15 | 31 | 130 |  |  |  |  |  |  |  |  |
|  |  |  | PIPLU | 19 | 25 | 124 |  |  |  |  |  |  |  |  |  |  |  |  |
|  |  |  | 3 | 59 | 91 | 439 | 2 | 38 | 69 | 326 | 1 | 17 | 36 | 162 | 1 | 21 | 40 | 186 |
| 21 | UDAIPUR | 43 | JHADOL | 21 | 40 | 138 | KHERWADA | 17 | 32 | 125 | MAWALI | 25 | 49 | 224 | LASADIA | 15 | 26 | 87 |
|  |  |  | PHALASIA | 19 | 32 | 112 | NAYAGAON | 15 | 25 | 100 | KURABAD | 15 | 26 | 108 | SALUMBER | 21 | 34 | 151 |
|  |  |  | KOTDA | 19 | 66 | 197 | HRISHABHDEV | 21 | 35 | 143 | BHINDER | 19 | 29 | 112 | JHALLARA | 15 | 29 | 105 |
|  |  |  | SAYRA | 17 | 31 | 113 | SARADA | 15 | 23 | 94 | VALLABHNAGAR | 19 | 24 | 108 | JAYSAMAND | 15 | 24 | 98 |
|  |  |  | GOGUNDA | 17 | 32 | 118 |  |  |  |  | BADGAON | 15 | 29 | 151 | SEMARI | 15 | 21 | 91 |
|  |  |  |  |  |  |  |  |  |  |  | GIRWA | 29 | 45 | 191 |  |  |  |  |
|  |  |  | 5 | 93 | 201 | 678 | 4 | 68 | 115 | 462 | 6 | 122 | 202 | 894 | 5 | 81 | 134 | 532 |
|  | Grand Total | 636 | 65 | 1310 | 2180 | 10131 | 59 | 1137 | 1799 | 8279 | 52 | 1016 | 1711 | 7905 | 46 | 908 | 1572 | 7296 |

**No. Z.P. Consty.**

| |
|---|
| 636 |

**P.S.M.Const.**

| | |
|---|---|
| Ist SPELL | 1310 |
| IInd SPELL | 1137 |
| IIIrd SPELL | 1016 |
| IV SPELL | 908 |
| **Total** | **4371** |

**Panchayat Samiti**

| | |
|---|---|
| I SPELL | 65 |
| II SPELL | 59 |
| III SPELL | 52 |
| IV SPELL | 46 |
| **Total** | **222** |

**Gram Panchayat**

| | |
|---|---|
| I SPELL | 2180 |
| II SPELL | 1799 |
| III SPELL | 1711 |
| IV SPELL | 1572 |
| **Total** | **7262** |

**Polling Booth**

| | |
|---|---|
| I SPELL | 10131 |
| II SPELL | 8279 |
| III SPELL | 7905 |
| IV SPELL | 7296 |
| **Total** | **33611** |

उप सचिव
राजस्थान